लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4507

दिनांक 19.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

शहरी हाट

4507. डॉ. मोहम्मद जावेद:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बिहार के विभिन्न जिलों विशेषकर किशनगंज में 'शहरी हाट' स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क एवं (ख): जी हां महोदय, जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण (डीआरडीए) मधुबनी, बिहार से हस्तशिल्प एवं शिल्पियों के लिए मधुबनी, बिहार में शहरी हाट की स्थापना हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इसे परियोजना अनुमोदन निगरानी समिति (पीएएमसी) द्वारा 31 जुलाई, 2018 को आयोजित बैठक में अनुमोदित कर दिया गया है। किशनगंज में 'शहरी हाट' हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****